04 गड्ढे तत्काल भरने के निर्देश, लापरवाही...




07 निदान हॉस्पिटल ने सर्विस रोड पर जमाया...



**खबर संक्षेप**

### रोजगार मेले में 388 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन



**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर स्थित महिला आईटीआई कॉलेज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का इंटरव्यू लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 418 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। मेले में कुल 10 कंपनियों द्वारा 388 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्गम उन्नयन योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को 22 लाख 90 हजार रूपये का ऋण वितरित किया गया। रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर एलडीएम जगदीप भट्टाचार्य, डीआईसी महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल, प्रबंधक संदीप उईके, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ शीलचंद गुप्ता, आईटीआई प्राचार्य गब्बू परमार, विवेक यादव सहित युवा उपस्थित थे।

### 17 जुलाई के बाद ही झमाझम की संभावना, 96 प्रतिशत बोवनी के बाद बारिश थमने से बढ़ी किसानों की चिंता

# थमी मानसून की रफ्तार, खेतों में दरारें पड़ने से फसलों पर संकट, इंद्रदेव को मनाने में जुटे अन्नदाता

आरएके कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर के अनुसार मानसून ट्रफ के हिमालय की तलहटी की ओर खिसकने और बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से बारिश का दौर थमा हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से अन्नदाताओं की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। पहले तेज बारिश के कारण बोवनी प्रभावित हुई थी जिसके चलते कई किसानों को दो से तीन बार तक दोबारा बोवनी करनी पड़ी। अब जब खेतों में फसलें लहलहाने लगी थीं तो बारिश की लंबी खेंच ने किसानों की रातों की नींद उड़ा दी है। पिछले एक सप्ताह से तेज बारिश नहीं होने के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और सोयाबीन, मक्का सहित अन्य फसलें पानी के अभाव में मुरझाने लगी हैं।

आरएके कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर के अनुसार मानसून ट्रफ के हिमालय की तलहटी की ओर खिसकने और बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से बारिश का दौर थमा हुआ है। जिले में 17 जुलाई तक तेज बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि 17 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में एक नया सिस्टम सक्रिय होने की उम्मीद है, जिससे सीहोर और भोपाल संभाग में फिर से मध्यम से तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।



**सीहोर।** ग्राम पाटन में बारिश नहीं होने के कारण खेतों में सिंचाई करते हुए किसान।

#### फलों पर मंडराया संकट, दवा का छिड़काव भी अटका

बारिश रुकने से खेतों में नमी लगातार कम हो रही हैर जिससे पौधों की वृद्धि प्रभावित हो रही है और कुछ स्थानों पर फसलों के पीले पड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों के सामने इस समय कीट एवं खरपतवार नियंत्रण के लिए दवा छिडक़ाव का काम भी अटक गया है। यदि आगामी दो-चार दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसलों के सूखने का खतरा काफी बढ़ जाएगा। जिले में खरीफ फसलों का कुल रकबा 4 लाख 7 हजार हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से अब तक 3 लाख 92 हजार 300 हेक्टेयर (करीब 96 प्रतिशत) क्षेत्र में बोवनी पूरी हो चुकी है।

#### इंद्रदेव को मनाने किसान कर रहे जतन

बारिश न होने और उमस बढऩे से परेशान ग्रामीण और किसान अब भगवान की शरण में पहुंच गए हैं। जिले के ग्रामीण अंचलों में बारिश के लिए पारंपरिक उपाय, टोने-टोटके और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना व यज्ञ शुरू कर दिए गए हैं, ताकि रूठे इंद्रदेव को मनाया जा सके।

#### पिछले साल के मुकाबले कम बरसे बदरा

भू अभिलेख शाखा के अनुसार जिले की औसत वार्षिक बारिश 1148.4 मिलीमीटर मानी जाती है। इस वर्ष 1 जून से अब तक जिले में केवल 354.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 423.1 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी।

#### अभी कुएं या ट्यूबवेल से सिंचाई करने से बचें, दो-चार दिन बारिश का इंतजार करें

कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया दीपक कुशवाह ने बताया कि जिन खेतों में गहरी जुताई हुई है, वहां फसलों की स्थिति अभी बेहतर है। किसानों को सलाह है कि वे घबराएं नहीं और अभी ट्यूबवेल या कुएं के पानी से सीधे भारी सिंचाई करने से बचें। यदि सिंचाई के तुरंत बाद तेज बारिश हो गई तो पौधे पीले पडक़र खराब हो सकते हैं। किसान दो-चार दिन बारिश का इंतजार करें। यदि फिर भी बारिश नहीं होती है, तो स्प्रिंकलर से हल्की सिंचाई की जा सकती है।

#### तहसीलवार बारिश का आंकड़ा

- सीहोर : इस बार 323 .8, पिछले साल 388 .9
- श्यामपुर : इस बार 196 .7, पिछले साल 262 .0
- आष्टा : इस बार 490 .0, पिछले साल 360 .3
- जावर : इस बार 373 .0, पिछले साल 274 .0
- इछावर : इस बार 429 .0, पिछले साल 372 .3
- भैरुंदा : इस बार 389 .0, पिछले साल 481 .0
- बुदनी : इस बार 290 .7 पिछले साल 625 .7
- रेहटी : इस बार 347 .2, पिछले साल 622 .0

#### समय पर बारिश हुई तो होगा बड़ा फायदा

जिले में 96 प्रतिशत बोवनी का कार्य पूरा हो चुका है और धान की रोपाई का काम अभी भी जारी है। वर्तमान स्थिति में फसल ठीक है, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। यदि समय पर यानी अगले 2-3 दिनों में बारिश हो जाती है तो फसलों को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि इससे संजीवनी मिलेगी।

एके उपाध्याय, डीडीए कृषि विभाग सीहोर

## मासूम को घर में बंद किया, पैर बांधे, कपड़े नोचे, फिर की दरिंदगी,कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद

### नाबालिग को घर में बंद कर किया दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**सीहोर।** जिले में एक नाबालिग बच्ची के साथ दो साल पहले दरिंदगी की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। पड़ोस में रहने वाला आरोपी तुलसीराम कुशवाहा मासूम की मासूमियत का हैवानियत भरे इरादों से फायदा उठाने से भी नहीं चूका। इस मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने सुनाया।

मामला 26 जुलाई 2024 का है। पीड़िता की मां ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि वह काम से घर लौटी तो बेटी ने आपबीती सुनाई। घटना के अनुसार, दोपहर करीब चार बजे नाबालिग घर के पास बने शौचालय में गई थी, तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी तुलसीराम कुशवाहा वहां पहुंचा और उसे घर के भीतर ले गया। भीतर से दरवाजा बंद कर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। अदालत में पेश साक्ष्यों के अनुसार आरोपी ने मासूम के दोनों पैर रस्सी से जकड़ दिए और उसे निर्वस्त्र कर बलात्कार को अंजाम दिया। दहशत और दर्द के बीच पीड़िता ने हिम्मत नहीं हारी। उसने आरोपी को जोर से लात मारी और चीख-पुकार मचा दी। पीड़िता की चीख सुनकर उसकी बुआ तुरंत मौके पर पहुंच गईं और बच्ची को दरिंदे के चंगुल से छुड़ाया। बुआ को देखते ही आरोपी तुलसीराम मौके से फरार होने लगा। भागते-भागते उसने जातिसूचक शब्द बोले और धमकी देते हुए कहा कि अगली बार बलात्कार कर उसकी जान ले लेगा।

**डीएनए रिपोर्ट ने खोली आरोपी की पोल :** घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटनास्थल का नक्शा तैयार किया गया, साक्षियों के बयान दर्ज किए गए और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जांच के दौरान आरोपी का ब्लड सैंपल लेकर डीएनए जांच कराई गई, जो पीड़िता के नमूने से पूरी तरह मैच हुई। इस वैज्ञानिक साक्ष्य ने आरोपी के अपराध की पुष्टि कर दी। पुलिस ने विवेचना पूरी कर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 127(1), 65(1), 75(1)(IV), पॉक्सो एक्ट की धारा 3(क)/4(2), 7/8 और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की कई धाराओं में आरोपपत्र अदालत में पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 14 गवाहों के बयान दर्ज कराए। दस्तावेजी और वैज्ञानिक साक्ष्यों की गहन जांच के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी पाया।

**कोर्ट ने सुनाई उम्र कैद की सजा :** अदालत ने आरोपी तुलसीराम को पॉक्सो एक्ट की धारा 3(क)/4(2) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(Va) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 4700 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक आशीष त्यागी और रेखा यादव ने पैरवी की। इस फैसले को नाबालिगों के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### विशेष लोक अदालत 18 जुलाई को, होगा प्रकरणों का निराकरण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 18 जुलाई को जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम अंतर्गत चेक बाउंस के न्यायालय में लंबित एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से सुलह समझौते से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि यह लोक अदालत सीहोर जिला न्यायालय और आष्टा, बुधनी, भैरूंदा एवं इछावर के तहसील न्यायालयों मे लगाई जाएगी। विशेष लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर कुल 9 खंडपीठों का गठन किया गया है।

## पुरी की तर्ज पर निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने रस्सी से खींचा रथ

### जगदीश मंदिर परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकला ऐतिहासिक चल समारोह, मार्गभर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत





**सीहोर।** इस वर्ष भी शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पुरी की तर्ज पर श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। जगदीश मंदिर परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को रस्सियों से खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे शहर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे। इस साल रथ यात्रा शहर के छावनी के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई थी, यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति के अलावा पुरुष और युवा शामिल थे।

रथ के पूर्व मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, 108 संत दुर्गाप्रसाद कटारे, केबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा, मंत्री इंदर सिं्रह परमार, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जसपाल अरोरा, सन्नी महाजन के अलावा परमार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह, चंदर सिंह मंडलोई, मांगीलाल परमार, चल समारोह के अध्यक्ष भंवरलाल परमार आदि का स्वागत समाज के तुलसीराम पटेल, सुरेश गब्बर परमार, जेपी परमार, शिव परमार, विष्णु परमार, कमल पटेल, मुकेश परमार, भगीरथ परमार, हरीश परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रम परमार, लक्ष्मीनाराणय, रुप सिंह, महेन्द्र सिंह, बाबूलाल आदि ने स्वागत किया।



रथ यात्रा का शुभारंभ प्रातःकाल जगदीश मंदिर, छावनी में भगवान की महाआरती एवं विशेष पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सुसज्जित रथ यात्रा नमक चौराहा, बड़ा बाजार, कोतवाली चौराहा, आनंद डेयरी चौराहा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई स्वर्णकार मांगलिक भवन पहुंची। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के तुलसीराम पटेल, सुरेश गब्बर परमार, जेपी परमार, शिव परमार, विष्णु परमार ने बताया कि यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह शीतल पेय एवं प्रसादी की भी व्यवस्था की गई। रथ यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ के कारण कई प्रमुख मार्गों पर लगभग तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन मुस्तैद रहा। ऐतिहासिक चल समारोह में दिल्ली से आए कलाकारों ने आकर्षक धार्मिक एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

यात्रा में संत-महात्माओं की उपस्थिति के साथ भजन-कीर्तन मंडलियां, डीजे, ढोल-बाजे एवं पारंपरिक वाद्ययंत्र श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक प्रगाढ़ बना रहे थे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा समाज को सनातन धर्म की एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। भगवान जगन्नाथ सभी के कल्याणकर्ता हैं और उनकी कृपा सभी भक्तों पर समान रूप से बनी रहती है। वहीं संत दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहा कि जगदीश मंदिर शहर की प्राचीन धार्मिक धरोहर है और यह सभी सनातन प्रेमियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। रथ यात्रा में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पुरी की तर्ज पर निकली भगवान जगन्नाथ की यह भव्य रथ यात्रा एक बार फिर शहर की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनी। श्रद्धालुओं के उत्साह, संतों के आशीर्वचन, भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।

### बीएमओ ने अस्पताल स्टाफ को लगाई फटकार

## बिलकिसगंज सीएचसी में नवजात की मौत, डॉक्टर नहीं थे मौजूद, बीएमओ ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार तड़के डॉक्टर की अनुपस्थिति का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिलने से नवजात की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठे हैं। बीएमओ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और संबंधित स्टाफ को नोटिस जारी किया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सारस निवासी महिमा कलम को गुरुवार सुबह करीब 4 बजे प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। महिला एक पैर से दिव्यांग है। प्रसव के बाद उन्होंने एक नवजात को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। करीब डेढ़ घंटे तक नवजात का इलाज केवल नर्स ने किया। सुबह करीब 6 से 6:30 बजे के बीच उसकी मौत हो गई।



घटना की जानकारी मिलने पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश जांगड़े अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत की। उनका आरोप है कि रात्रिकालीन ड्यूटी में डॉक्टर मौजूद नहीं थे, जिससे नवजात को समय पर इलाज नहीं मिल सका। उन्होंने इसकी जानकारी बीएमओ नवीन मेहर को दी।

#### बीएमओ ने अस्पताल स्टाफ को फटकार लगाई

सूचना मिलने पर बीएमओ नवीन मेहर अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में प्रसव के बाद मरीजों से कथित रूप से पैसे लेने, बिजली मीटर से कर्मचारियों के क्वार्टर में बिजली उपयोग करने और बाहर की दवाएं लिखने जैसे आरोप भी सामने आए। अस्पताल के प्रभारी विभाष रतोनिया ने बताया कि उन्हें हाल ही में प्रभार मिला है। उन्होंने कहा कि सभी आरोपों की जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बीएमओ नवीन मेहर ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्टाफ को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी डॉक्टर और कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रात्रिकालीन ड्यूटी की निगरानी बढ़ाई जाएगी और पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है।

## प्रभु के दर्शन कर विधायक सुदेश राय और अरुणा राय ने खींचा जगन्नाथ का रथ

### संतों के किए दर्शन, जगन्नाथ रथ यात्रा चल समारोह में हुए शामिल

**सीहोर।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय ने गुरुवार को शहर में निकाले गए भगवान जगन्नाथ के रथ खींचा। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। सब्जी मंडी स्थित जगदीश मंदिर पहुंचकर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय द्वारा भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई उन्होंने नागरिकों की उन्नति प्रगति दुख कष्ट निवारण की कामना भगवान जगन्नाथ से की। उन्होंने संतो के किए दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।



जय जगन्नाथ की जय घोषों के साथ विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में जगन्नाथ रथ यात्रा में सम्मिलित हुए। विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय ने तुलसीराम पटेल और सुरेश गब्बर परमार सहित अन्य समाज के वरिष्ठ जनों को फूल मालाए पहनाकर स्वागत सम्मान किया। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंची लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उत्साह बना रहा।

## खबर संक्षेप



### श्याम नाम की गूंज के साथ 55 श्रद्धालु हुए खाटू धाम रवाना

**सीहोर।** जिसे बाबा श्याम का बुलावा आता है, वही उनके दरबार तक पहुंच पाता है। इसी अटूट आस्था और विश्वास के साथ बुधवार को सीहोर के 55 श्याम प्रेमी पावन श्री खाटू श्याम धाम की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। सीहोर सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में आयोजित इस आध्यात्मिक यात्रा ने सीहोर रेलवे स्टेशन को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। चारों ओर गूंजते जय श्री श्याम और हारे का सहारा... बाबा श्याम हमारा के जयघोषों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम का स्मरण कर सुखद एवं मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। श्याम भजनों की मधुर स्वर-लहरियों के बीच विधायक स्वदेश राय की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय ने सभी श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। अपने उद्बोधन में अरुणा राय ने कहा कि श्री खाटू श्याम जी की यात्रा केवल तीर्थ दर्शन नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, समर्पण और संस्कार का महापर्व है। बाबा श्याम की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे तथा वे सकुशल यात्रा पूर्ण कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा, प्रेम और सेवा का संदेश लेकर लौटें। यात्रा प्रभारी उत्कर्ष अग्रवाल एवं आनंद गांधी ने कहा कि सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित यह यात्रा धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता, भाईचारे और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि सभी श्रद्धालु खाटू धाम में आयोजित भव्य निशान यात्रा में शामिल होकर बाबा श्याम के श्रीचरणों में निशान अर्पित करेंगे, दिव्य दर्शन, आरती एवं भजन-संध्या का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

### मत्स्य पालन के लिए दो जलाशयों के पट्टे के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** सीहोर जनपद पंचायत द्वारा मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट के लिए दो सिंचाई जलाशयों के पट्टे आवंटन हेतु इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार श्यामपुर तहसील के सातनवाड़ी सिंचाई जलाशय तथा सीहोर तहसील के लसूड़िया परिहार सिंचाई तालाब का पट्टा 10 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। यह अवधि तभी मान्य होगी जब प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसकी अनुमति दी गई हो। सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल ने बताया कि पट्टे के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकता के अनुसार पंजीकृत स्थानीय मछुआ सहकारी समितियां, स्थानीय मछुआ समूह तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्थाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

# गड्ढे तत्काल भरने के निर्देश, लापरवाही पर नपा सीएमओ को लगाई फटकार

कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही कैशलेस उपचार सुविधा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले की सड़कों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों के गड्ढों की मरम्मत नहीं होने पर नगर पालिका सीहोर के सीएमओ को फटकार लगाते हुए तत्काल गड्ढे भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही कैशलेस उपचार सुविधा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद पात्र घायलों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा मृतक एवं घायलों को मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

बैठक में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित चालानी कार्रवाई, गंभीर मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण तथा हाईवे पर नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। साथ ही राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर और एसपी ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने, यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण हटाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल, ईपीडब्ल्यूडी के बीएल अहिरवार, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ सहित अन्य अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## खरपतवार से जंगः जुगाड़ तकनीक के सहारे खेतों में जुटे किसान



**भैरुंदा।** क्षेत्र में खरीफ फसल अब 20 से 25 दिन की हो चुकी है और किसान इन दिनों खेतों में खरपतवार नियंत्रण के काम में पूरी तरह जुट गए हैं। जून माह में बोवनी कर चुके किसानों के खेतों में सोयाबीन और मक्का की फसल अच्छी बढ़त ले रही है, लेकिन साथ ही खरपतवार भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में किसान मौसम साफ रहने का लाभ उठाते हुए कहीं डोरे चला रहे हैं तो कहीं खरपतवार नाशक दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं। ग्राम क्षेत्र के कुछ हिस्सों में 16 से 20जून के आसपास ही बोवनी कर दी गई थी। हाल ही में हुई वर्षा के बाद इन खेतों में सोयाबीन की फसल लहलहाने लगी है। इसके साथ ही किसान हाथ के डोरे और कृषि यंत्रों के माध्यम से खरपतवार उन्मूलन में जुट गए हैं, ताकि फसल की बढ़वार प्रभावित न हो। किसान राजेश कुमार के अनुसार इस वर्ष मानसून में देरी के कारण बोवनी पिछले साल की तुलना में करीब एक माह देर से हो पाई है। **महंगी दवाइयों के बीच किसानों का जुगाड़ :** खरपतवार नाशक दवाइयों के बढ़ते दामों ने किसानों की लागत बढ़ा दी है। ऐसे में किसान अब खेती में जुगाड़ तकनीक अपनाकर खर्च कम करने की कोशिश कर रहे हैं। कई किसान मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर और अन्य दोपहिया वाहनों के साथ कृषि यंत्र जोड़कर निंदाई-जुताई कर रहे हैं। इससे कम समय में अधिक क्षेत्र में काम हो पा रहा है और मजदूरी खर्च भी बच रहा है।

**कीट-रोग नियंत्रण के साथ चारे का उन्मूलन :** सोयाबीन और मक्का की फसल को सुरक्षित रखने के लिए किसान कीटनाशक दवाइयों का भी छिड़काव कर रहे हैं। वहीं फसल के साथ उगने वाले अनावश्यक चारे और खरपतवार को नष्ट करने के लिए लगातार खेतों में जुताई और सफाई का कार्य जारी है।

# अनोखी पहलः प्राचार्य ने अपने खर्च से 35 बच्चों को दी शिक्षण सामग्री, अब यूनिफॉर्म किट की तैयारी

### 15 अगस्त से पहले जूते-ट्रैकसूट भी मिलेंगे, जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए आगे आईं शिक्षिका



**भैरूंदा।** सरकारी स्कूलों में संसाधनों की कमी अक्सर बच्चों की पढ़ाई में बाधा बनती है, लेकिन भैरूंदा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय हाथीघाट में एक प्राचार्या ने अपनी संवेदनशील पहल से यह साबित कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति के साथ बदलाव संभव है। यहां की प्राचार्या राजकुमारी मीना ने अपने निजी खर्च से 35 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, टिफिन, कॉपी और पेन वितरित कर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मंगलवार को स्कूल परिसर में आयोजित एक सादे लेकिन भावनात्मक कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कई ऐसे विद्यार्थी थे जिनके पास अब तक आवश्यक शैक्षणिक सामग्री नहीं थी, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। इस पहल ने न केवल बच्चों को जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए, बल्कि उनके मन में पढ़ाई के प्रति नया उत्साह भी जगाया।

कार्यक्रम के दौरान मध्याह्न भोजन की रसोइयों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वर्णलता व्यास की उपस्थिति में सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष योगेश व्यास, श्रवण कुशवाह, रमेश कुशवाह, प्रधानाचार्य राजेंद्र मुकाती, शिक्षक जीवन सिंह पवार एवं नीलेश पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

प्राचार्या राजकुमारी मीना ने बताया कि यह प्रयास एक दिन का नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला अभियान है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई बच्चे आवश्यक संसाधनों के अभाव में स्कूल आने से कतराते हैं या पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। ऐसे बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर यह जिम्मेदारी उठाई है।

### 15 अगस्त से पहले पूरी यूनिफॉर्म किट का लक्ष्य

प्राचार्या ने आगे बताया कि अगले चरण में चयनित विद्यार्थियों के लिए ट्रैकसूट तैयार कराए जा रहे हैं और उन्हें जूते भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उनका लक्ष्य है कि 15 अगस्त से पहले सभी जरूरतमंद बच्चों को पूरी यूनिफॉर्म किट प्रदान की जाए, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ स्कूल आ सकें और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

विद्यालय की इस पहल को क्षेत्र में सराहना मिल रही है और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

## दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र गौरव अस्थाया का आईआईटी मद्रास में चयन




**सीहोर।** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के प्रतिभाशाली छात्र गौरव अस्थाया ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बी.एस. इन डेटा साइंस एंड एप्लीकेशन्स कार्यक्रम में जेईई श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त किया है। संस्थान द्वारा उन्हें फाउंडेशन लेवल में प्रवेश प्रदान किया गया है, जिसके माध्यम से वे डेटा साइंस एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उच्च अध्ययन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने गौरव को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रामचन्द्र-गोकल अस्थाया के पुत्र गौरव भविष्य में भी अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने गौरव अस्थाया को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इसे विद्यालय परिवार के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय बताया।

### स्वच्छता व्यवस्था का सुबह निरीक्षण, व्यापारियों से कचरा गाड़ी में ही कचरा देने की अपील



**बुधनी।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने गुरुवार सुबह शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्विन बिन व्यवस्था का जायजा लेते हुए सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से डस्टबिन खाली करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनी रहे निरीक्षण के दौरान अर्जुन मालवीय ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यापारियों से संवाद किया और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि दुकानों से निकलने वाला कचरा सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें, बल्कि प्रतिदिन नगर परिषद की कचरा संग्रहण गाड़ी में ही दें साथ ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर का निर्माण केवल नगर परिषद के प्रयासों से संभव नहीं है इसके लिए नागरिकों और व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है सभी के सहयोग से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## एनएसयूआई महासचिव पर नाराजगी जताते हुए एबीवीपी ने किया पुतला दहन



**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नगर इकाई सीहोर के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शासकीय पीजी कॉलेज के गेट के समक्ष एनएसयूआई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भोपाल में एनएसयूआई के एक पदाधिकारी पर लगे गंभीर आरोपों के विरोध में नाराजगी जताते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर एबीवीपी के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी ने कहा कि भोपाल में एनएसयूआई के महासचिव पर जनजातीय युवती के साथ कथित दुष्कृत्य का आरोप अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं किसी भी छात्र संगठन की छवि को धूमिल करती हैं और ऐसे मामलों में दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए और कानून के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए।

इस अवसर पर विभाग छात्रा प्रमुख पलक यादव, जिला छात्रा प्रमुख ऋषिका पटेल, चंचल राजपूत, नागेश बैरागी, लक्ष्य समदिया, यश भिलाला, सौरभ माहेश्वरी, राहुल मालवीय सहित बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने की सुपरवाइजरों पर कार्रवाई की मांग

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सुपरवाइजर कर रहे हैं दुर्व्यवहार, कार्यकर्ताओं ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आंगनबाड़ी की महिला कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गंभीर आरोप लगाए हैं। कलेक्ट्रेट पहुंची पीड़ित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला बाल विकास विभाग के कुछ अधिकारियों और सुपरवाइजरों पर मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक शोषण करने की लिखित शिकायत कलेक्टर को की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की जांच किए जाने और समस्या के निराकरण की मांग करते हुए डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा को बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेक्टर एवं बाल विकास विभाग का उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण और विकास करना है लेकिन वर्तमान में विभाग के कुछ अधिकारियों और सुपरवाइजर के व्यवहार के कारण हम कार्यकर्ता शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से अत्यधिक प्रताड़ित हो रही हैं। इससे हमारा मनोबल टूट रहा है जिससे विभागीय और हमारे घरेलू कार्य प्रभावित हो रहा है।

आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहले सेक्टर कार्यालय से सामग्री गांव सेक्टर तक पहुंचाई जाती थी। अब हमें सीहोर कार्यालय बुलाकर सामग्री दी जाती है। आने-जाने और भाड़े में काफी रुपए खर्च हो रहे हैं यह राशि विभाग हमें नहीं देता है। यही नहीं महिला कार्यकर्ताओं के लिए कार्यालय में शौचालय की सुविधा भी नहीं है। शौचालय में ताला लगा रहता है और कहा जाता है कि बाहर ग्राउंड में चली जाओ। यह महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध है। विभाग के अधिकारियों के द्वारा महीने में 4-5 बार मीटिंग प्रोग्राम के लिए बुलाया जा रहा है जिस का भत्ता नहीं दिया जाता है। यदि कोई हितग्राही या सरपंच कार्यकर्ता का अपमान करता है तो अधिकारी कार्यकर्ता का पक्ष न लेकर उसी की कमियां निकालकर सबके सामने बेइज्जत करते हैं। समूह या सहायिका की गलती होने पर बिना नोटिस वेतन केवल कार्यकर्ता का काटा जाता है।

कलेक्ट्रेट पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में शकुन सोनी, शीला मेवाड़ा, हेमलता मेवाड़ा, रेणुका वर्मा, सुनीता प्रजापति, रामसभा परमार, नर्बदी यूके।प्रीति, पुष्पा, सरोज, धापू, प्रीति रघुवंशी, यशोदा, तुलसी मालवीय, विमला परमार, रेणुका सेन, सुरुणा वर्मा, वेवी कुवर, अनीता वर्मा, प्रिती मालवीय, रीना मेवाड़ा, रेखा, साजिदा बी, मनीषा वर्मा, तारा शर्मा, संगीता वर्मा, रेनू पिपलोदिया, शावना अली,नैन्सी आदि शामिल रही।

## शैक्षणिक सामग्री वितरित कर दिया शिक्षा और संस्कार का संदेश



**भैरुंदा।** सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक बलवान सिंह सोलंकी ने अपने 65वें जन्मदिवस को सेवा, सादगी और संस्कार के साथ मनाकर एक प्रेरक मिसाल पेश की। उन्होंने सिद्धपुर सेवा भारती, नगर भैरूंदा के रानी दुर्गावती शिक्षा संस्कार केंद्र में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाया और उनके साथ खुशियां बांटी। कार्यक्रम के दौरान सोलंकी ने बच्चों के साथ केक काटा और उन्हें स्वल्पाहार कराया। इसके साथ ही उन्होंने पेन, पेंसिल, कॉपी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित कर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। इस सादगीपूर्ण आयोजन ने यह संदेश दिया कि खुशियां बांटने से ही जीवन सार्थक बनता है। इस अवसर पर बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्होंने शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, शिक्षा वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। ज्ञान ही व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है। परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि शिक्षा साथ है तो सफलता का मार्ग हमेशा खुला रहता है। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सत्येंद्र सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह सोलंकी, दीपा सोलंकी, कंचन सोलंकी, राजेश लखेरा, मोहित दुबे, आरती दुबे, सोनू विश्वकर्मा और हर्ष राजपूत उपस्थित रहे। वहीं सिद्धपुर सेवा भारती की ओर से नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, शिक्षिका बबली शर्मा और सुनीता पंवार की विशेष उपस्थिति रही।

### आम जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

# निदान हॉस्पिटल ने सर्विस रोड पर जमाया अवैध कब्जा, सर्विस रोड बनी वाहन पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शहर के फोरलेन सर्विस रोड पर स्थित निदान हॉस्पिटल इन दिनों अपनी ईलाज व्यवस्था से ज्यादा अपनी मनमानी को लेकर चर्चा में है। अस्पताल प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर फोरलेन की सर्विस रोड पर सरेआम अवैध कब्जा जमा लिया है। इतना ही नहीं जनता के चलने के लिए बनी इस सड़क को हॉस्पिटल ने अपनी प्राइवेट पार्किंग में तब्दील कर दिया है। निदान अस्पताल की इस घोर लापरवाही के कारण आम जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### जनता त्रस्त, हादसे की आशंका हर वक्त

इस अवैध पार्किंग के कारण सर्विस रोड से गुजरने वाले और स्थानीय नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि पैदल चलना महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए मुश्किल हो रहा है, जो जान जोखिम में डालकर मुख्य मार्ग के किनारे से निकलना पड़ रहा है। जाम की स्थितिः सर्विस रोड संकरी होने के कारण आए दिन यहा ट्रैफिक जाम लग रहा है। दुर्घटना को खुला आमंत्रण व्यस्त हाईवे के किनारे इस तरह के अवैध पार्किंग से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

#### सड़क सरकारी, कब्जा 'निदान' का

अस्पताल प्रबंधन ने सर्विस रोड के एक बड़े हिस्से को इस तरह घेर लिया है जैसे वह उनकी निजी संपत्ति हो। दिनभर अस्पताल में आने वाले वाहनों को बेतरतीब तरीके से सर्विस रोड पर पार्क कराया जाता है। हॉस्पिटल में आने वाले वाहन सड़क पर अतिक्रमण बढ़ा रहे हैं।

#### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

आश्चर्य की बात यह है कि दिन मे व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है, लेकिन निदान हॉस्पिटल के इस खुले अतिक्रमण पर अभी तक किसी भी जिम्मेदार विभाग की नजर नहीं पड़ी है। अब देखना यह है कि ब्यावरा का प्रशासन इस खबर के बाद नींद से जागता है या निदान हॉस्पिटल की यह मनमानी यूँ ही बदस्तूर जारी रहती है।

#### इनका कहना है

आपसे जानकारी प्राप्त हुई हॉस्पिटल को नोटिस भेजते हैं कि आगे से सर्विस रोड पर गाड़ियां पार्क न कराए। अगर इसके बाद भी नहीं मानता है, तो अस्पताल के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

-देवनारायण पांडे, यातायात थाना प्रभारी ब्यावरा

### अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

# पौधरोपण कर मनाया राज्यमंत्री पंवार का जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार का जन्मदिन जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर मरीजों को फल और बिस्किट बांटे और इस दौरान पौधारोपण भी कराया गया। भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार ने मरीजों का हालचाल जाना।



राज्यमंत्री श्री पंवार ने जन्मदिन पर सभी शुभचिंतकों से विनम्र अपील की थी कि किसी प्रकार कोई बड़ा उत्सव ना मनाए और सभी से अपील के माध्यम से आग्रह किया था कि समारोह को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया। पौधारोपण के दौरान भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, मंडल महामंत्री दीपक सामरे, सुमीत सोलंकी, वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव, मयूर गुप्ता, गिरिराज लववंशी, कपिल मीणा, राधे दांगी, संदीप अहिरवार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर व ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरण के लिए आवेदन शुरू

### अनुदान प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषि विभाग की पी.डी.एम.सी. प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना अन्तर्गत सप्रिंकलर सेट, मिनी सप्रिंकलर एवं ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरणो पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध ऑनलाइन लॉटरी सम्पादित की जाएगी।

पंजीयन कराने के लिए किसान का फार्मर आई.डी., आधार कार्ड, जमीन सम्बंधित दस्तावेज एवं मोबाइल नम्बर लेकर नजदीकी कामन सर्विस सेन्टर एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर सेटर पर जाकर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। साथ ही प्राप्त सभी आवेदनो की संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जिले वार कम्प्यूटरीकृत लॉटरी दिए गए लक्ष्यो की संख्या के बराबर एवं उतनी ही संख्या में प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए निकाली जाएगी।

लॉटरी द्वारा चयनित कृषको को एस.एम.एस के माध्यम से चयन की सूचना भी प्राप्त होगी। यदि चयनित आवेदक अपात्र पाया जाता है, या सामग्री क्रय नहीं करता है। तो प्रतीक्षा सूची के आवेदको को उनके क्रमानुसार अवसर प्राप्त होगा। कृषक को लॉटरी द्वारा चयनित होने के उपरांत एक सप्ताह की अवधि में आवश्यक दस्तावेज (बी-1, खसरा, बैंक पासबुक, पटवारी द्वारा जारी सिंचाई स्त्रोत का प्रमाण पत्र) चयनित डीलर के माध्यम से अपलोड कर दस्तावेज सही पाये जाने पर सामग्री क्रय करने की कृषक को ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार शैलजा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि कई बार मांगें उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे प्रदेश का पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है। ज्ञापन में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित कराने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का भुगतान कराने तथा संघ पदाधिकारियों के स्थानांतरण को स्थानांतरण नीति के अनुरूप निरस्त करने की मांग की गई है।

संघ ने यह भी मांग की है कि कर्मचारी समस्याओं के समाधान के लिए नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जाए। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से पटवारी संघ के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए आमंत्रित कर मांगों का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया गया है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 15 से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान मनीष सक्सेना,अंकित चैहान सहित पटवारी मौजूद थे।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि त्योहारों एवं वैवाहिक समारोहों के दौरान दूध, मावा, मिठाई, घी, तेल, मसाले, पनीर तथा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका काफी बढ़ जाती है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। मांग की गई कि जिलेभर में विशेष मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया जाए, खाद्य प्रतिष्ठानों एवं निर्माण इकाइयों का नियमित निरीक्षण किया जाए, संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जाए तथा मिलावट करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाए जिसमे मुख्य रूप से राजगढ़ ग्राहक पंचायत प्रभारी अर्जुन कुशवाह मुकेश चैधरी राजेश जायसवाल सूरज दांगी बजरंग चैहान राहुल जी महेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया

# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार को पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित जय दीक्षित ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। समापन अवसर पर हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



#### महाआरती का भी आयोजन

गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली। रथयात्रा शाम को थावरिया स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंची। परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ एक माह तक रामकृष्ण मंदिर में विराजमान रहेंगे, जिसके बाद पुनः जगदीश मंदिर लौटेंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाआरती का भी आयोजन किया।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक 23 को

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम भोपाल द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए 23 जुलाई को बैठक पोस्ट आफिस के पास वृत्त कार्यालय म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. राजगढ़ में आयोजित की जाएगी। बैठक में पीडित विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों (विद्युत अधिनियम की धारा 126, धारा 135 से 139, धारा 161 एवं बकाया राशि की वसूली जहां बिल की गई राशि विवादित न हो को छोड़कर) की सुनवाई की जाएगी। विद्युत उपभोक्ताअपनी शिकायत एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, परिवार की तरह करें कार्यः भीलवारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पतालों में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सारंगपुर सिविल अस्पताल में भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) एवं सिविल सर्जन के पद पर डॉ. के.एन. भीलवारे की पदस्थापना की गई है। उन्होंने हाल ही में आरोन से स्थानांतरित होकर अपना प्रभार ग्रहण किया। प्रभार संभालने के बाद डॉ. भीलवारे ने अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी कर्मचारी परिवार की भावना से कार्य करें और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता या अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार, स्वच्छता, समयबद्ध सेवाएं और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करना सभी कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में अरुण दीक्षित, जगदीश दांगी सहित अस्पताल का चिकित्सकीय एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। नए बीएमओ की नियुक्ति से अस्पताल की व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### लायंस क्लब का 47वां स्थापना व पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

# विनय ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, नई कार्यकारिणी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



लायन्स क्लब सारंगपुर का 47वाँ स्थापना एवं पदभार ग्रहण समारोह मंगलवार सायंकाल राठी मांगलिक परिसर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए लायन विनय मकोड़यि ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष लायन रूपेश जोशी ने की। शपथ अधिकारी के रूप में लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ळ2 के वीडीजी-2 लायन संजय सक्सेना ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन विनय मकोड़यि एवं नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका विजयलक्ष्मी दीदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, रीजन चेयरपर्सन सुषमा गोयल तथा जोन चेयरपर्सन मुकुल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायन ओ.पी. विजयवर्गीय, राजेन्द्र पालीवाल, महेश शर्मा, प्रदीप जोशी, अतुल जोशी, दिनेश राठौर, मोहम्मद मंसूरी, विजय बरकिया, नीलेश वर्मा, अरविंद मण्डलोई,मनोज दंडवानी सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा लायन्स क्लब पचोर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा एवं खिलचीपुर के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नगर के गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन नितिन परिहार एवं आदित्य शर्मा ने किया। अंत में लायन पीयूष राठी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# चाचा की तेहरवीं में शामिल हुए भतीजे की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के भूतियाबे तालाब में अपने चाचा के घाटे तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल हुए भतीजे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मुताबिक जगदीश पिता धन्नालाल वर्मा 30 वर्ष तालाब में नहाते समय गहरे पानी चला गया और डूब गया। वहा उपस्थित लोगों ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व टीम घटना स्थल पर पहुंची और राजगढ रेस्क्यू टीम को बुलाया। जिन्होंने अपना रेस्क्यू मिशन पर काम शुरू टीम ने तीन घंटे की लगातार मेहनत के बाद युवक का शव बरामद किया।




मृतक युवक का आठ साल पहले विवाह हुआ था, जो इस हादसे के बाद पत्नि के साथ ही ढाई और पांच साल की मासूम बालिकाओं के सर से पिता का साया उठ गया। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मृत युवक का शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौप दिया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने तीन सचिवों पर लगाया जुर्माना

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा में नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने पर जिला योजना अधिकारी संजय लक्केवार द्वारा तीन ग्राम पंचायत के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत आष्टा की ग्राम पंचायत खुजुरियाजावर के सचिव महेंद्रसिंह ठाकुर, गुराड़ियावर्मा के सचिव लखनसिंह ठाकुर, ग्राम जसमत के सचिव नरेंद्रसिंह ठाकुर द्वारा जन्म व विवाह पंजीयन से संबंधित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण न करते हुए एक दिन के अनावश्यक विलंब से आवेदन का निराकरण किया। तीनों पंचायत सचिवों पर एक दिन के लिए 250-250 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंचायत सचिवों को भविष्य में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। जिला योजना श्री संजय लक्केवार ने बताया कि कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। समय-सीमा का उल्लंघन होने पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिदिन के हिसाब से 250 रूपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### लोक अदालत में होगा प्रकरणों का निराकरण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 18 जुलाई को जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम अंतर्गत चेक बाउंस के न्यायालय में लंबित एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से सुलह समझौते से किया जाएगा।

ग्राम नोगांव में विधायक भूमिपूजन और लोकार्पण समारोह में हुए शामिल

# गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता भाजपा की सरकार ने की : विधायक

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ग्राम नोगांव में मालवीय समाज की धर्मशाला निर्माण का भूमिपूजन एवं राधा कृष्ण मंदिर का किया लोकार्पण( विकास कार्यों के लिए 15 लाख की घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी की 100 वीं सालगिरह तक भारत को विकसित भारत एवं विश्वगुरु बनाने का जो लक्ष्य तय किया एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र को विकसित मप्र बनाने का जो सपना देखा है इस सपने को हम सब मिल कर पूरा करेंगे देश मे, प्रदेश में आज जो विकास हो रहा है ये उसी लक्ष्य को पूर्ण करने का एक कदम है,जो लगातार बढ़ रहे है। आज देश मे अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें रही कांग्रेस को मुझसे अधिक कोई नही जानता है, कांग्रेस ने विकास के नाम पर देश, प्रदेश, गांव, गरीब को लूटा ही लूटा है।

उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नोगांव में मालवीय समाज की बनने वाली धर्मशाला निर्माण के भूमिपूजन एवं ग्राम में नव निर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्वमें भाजपा सरकार द्वारा ग्रामो में विकास कार्यों की जो सौगातें दी जा रही है। वो सब आपके सामने है। नोगांव पंचायत में करीब एक करोड़ के विकास कार्य धरातल पर उतरे है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में सरपंच एवं ग्रामीणों की मांग पर भवन निर्माण के लिये 10 लाख एवं टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख व अन्य विकास कार्यो के लिए राशि की घोषणा की गई। आयोजित भूमिपूजन-लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने 12 साल के बेमिसाल कार्यकाल में एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कई बड़ी बड़ी सौगातें दी उनमें से हमारे आष्टा विधानसभा क्षेत्र को भी कई बड़ी योजनाएं,बड़े विकास के कार्य हुए है। उसमे से सबसे बड़ी नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना का लाभ हमे मिला है।

इस योजना से जब खेतो खेत नर्मदा जी का पानी हमारे अन्नदाता किसान भाईयों को मिलेगा तब अपना पूरा क्षेत्र हराभरा नजर आयेगा,अन्नदाता की आय दो गुनी नही चार गुनी बढ़ेगी,कृषि उपज का उत्पादन बढेगा,हमारा किसान भाई दो के स्थान पर तीन तीन फसल प्राप्त कर सकेगा। इस योजना का लाभ नोगांव तक भी पहुचा है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि लगभग 250 करोड़ की उक्त योजना का लाभ आष्टा विधानसभा क्षेत्र के करीब 268 ग्रामो को मिलेगा एवं इससे 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा लाभान्वित होगा। ये है हमारी,आपकी सरकार की बड़ी बड़ी उपलब्धिया। वही मोदी जी ने देश के अन्नदाताओं की चिंता कर किसान सम्मान निधि हर वर्ष 06 हजार की राशि किसानों के खाते में भेज कर योजना का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाया है। देश मे गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो मे से 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। 80 करोड़ गरीबो मो मुफ्त अनाज मिल रहा है। 58 करोड़ लोगों के जनधन खाते खोले अब इन खातों में दिल्ली भोपाल से योजना की जो राशि भेजी जाती है वो हितग्राही को 100% मिलती है। इसके पहले कांग्रेस के शासन में उनके ही प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था कि हम दिल्ली से एक रुपया भेजते है तो नीचे तक मात्र 15 पैसे ही पहुचते है,मतलब 85% का होता था भ्रष्टाचार। मोदी जी ने इस पर अंकुश लगाया है। इसके साथ ही स्वच्छता,हर घर नल से जल,प्रधानमंत्री आवास योजना,देश की सुरक्षा को लेकर कई कार्य किये है।आपके ग्राम में भी इस योजना से पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है।

पीएम मोदी ने विकास का एक अमिट इतिहास लिखा और करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए। प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण को माध्यम बना कर गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिकों सहित सभी वर्गों के लिए संचालित योजनाओं ने देश के विकास को नई दिशा दी है। विधायक इंजीनियर ने कहा की मप्र में डॉ मोहन यादव जी की डबल इंजन की सरकार ने देशभर में सड़कों,सिंचाई,स्वास्थ,शिक्षा,पेयजल, सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा विकास हुआ है, जिससे आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हमारे आष्टा एवं जावर में 100 करोड़ से अधिक के दो नये सांदीपनी विद्यालयों का निर्माण एवंनई शिक्षा नीति के माध्यम से युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे देश का युवा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी जी के आव्हान पर मप्र भी डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में विकसित मप्र बनेगा। विधायक इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है। आज नोगांव पंचायत में 315 लाडली बहनाओ को हर माह 15 सो रुपये खाते में आ रहे है, 1425 आयुष्मान कार्ड बने है जिन्हें गम्भीर बीमारी में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा है,हमारे अन्नदाता किसान भाईयों को हर साल किसान सम्मान निधि मिल रही है। पीएम आवास योजना का लाभ सैकड़ो ग्रामीणों को मिला है। कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी अतिथियों का ग्राम पंचायत की ओर से भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने पंचायत की ओर से विकास कार्यो की मांगों का एक मांग पत्र सौंपा। ग्राम नोगांव पहुंचने पर ग्रामीणजनों,भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की भव्य अगवानी कर स्वागत,सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सिद्दिकगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया,सोभालसिंह ठाकुर,महेंद्रसिंह ठाकुर धाम,दिलीप सिंह, विजेंद्रसिंह, भंवरसिंह, महेंद्र ठाकुर, लक्ष्मणसिंह, कृपालसिंह, दिलीपसिंह, सज्जन सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता,बूथ अध्यक्ष आसपास की पंचायत के सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पटरिया गोयल पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह

## ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पाटरिया गोयल स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह के आगमन पर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं द्वारा अत्यंत भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। राहुल भैया ने मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम संकटमोचन पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।जैसे ही अजय सिंह 'राहुल भैया' मंदिर परिसर पहुँचे, वहाँ उपस्थित भारी जनसमूह और स्थानीय नेताओं ने 'राहुल भैया जिंदाबाद' नारे लगाए और स्वागत किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों और वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा उन्हें शॉल ,पुष्प माला से सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा, पंचमुखी हनुमान जी के दरबार में आकर मुझे जो असीम शांति और स्नेह मिला है, वह अविस्मरणीय है। जनता का यह अपार प्यार और विश्वास ही मेरी असली पूँजी है। मैं सदैव क्षेत्र की जनता की सेवा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पित हूँ। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने राहुल भैया से चर्चा की, जिस पर उन्होंने अपनी समस्या को लेकर संगठित होकर संघर्ष करने की सलाह दी इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों सहित क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ नेता, युवा कार्यकर्ता, और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, कैलाश परमार, महेश मुंदीखेड़ी ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष ,जगदीश चौहान जसरथ सिंह पटेल मुकेश पांचाल, राकेश जेवरिया, प्रेम पटारिया, दिग्विजय राजपूत, हरि सिंह मेवाडा,शंकर लाल, पारस ठाकुर, अखिलेश राजपूत, राहुल पटरिया पप्पू मेवाड़ा, रामचरण, पुष्पराज जादौन आशिक मंसूरी, रिंकू नामदेव, श्रीमाल पटेल, बाबूलाल जायसवाल, लाखन सिंह मेवाडा, दिनेश आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आरएके कॉलेज में रोपे गए 1 हजार से अधिक पौधे

**सीहोर।** आरएके कॉलेज में ग्रीन ग्रेजुएशन डिग्री कार्यक्रम तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के 117 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक ग्राफ्टेड किस्मों—केसर, दशहरी एवं राजापुरी सहित अन्य प्रजातियों के लगभग 1 हजार पौधों का रोपण किया तथा प्रत्येक विद्यार्थी ने अपनी डिग्री के पूरे कार्यकाल में पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोहर लाल वर्मा, अधिष्ठाता डॉ. एसपी दत्ता, प्रगतिशील किसान डॉ. शिवप्रसाद ठाकुर, दुलीचन्द्र वर्मा, डॉ. डीआर सक्सेना, डॉ. आई.एस. नरूका, डॉ. डी. के. प्यासी सहित कॉलेज के प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दिवंगत की स्मृति में श्मशान घाट में फलदार पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मृत्यु जीवन का अटल सत्य है, लेकिन कुछ लोग अपने कर्मों और अपनी यादों से हमेशा जीवित रहते हैं। इसी भावुक भावना को साकार करते हुए डीबीसीपीएल की सीएसआर टीम ने अपने दिवंगत पेट्रोलिंग सुपरवाइजर स्व. प्रदीप बातव की स्मृति में अमलाहा श्मशान घाट परिसर में आम, जामुन और शहतूत सहित फलदार वृक्षों का पौधरोपण किया। सीएसआर टीम ने कहा कि श्रद्धांजलि केवल पुष्प अर्पित करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रियजन की स्मृति में एक वृक्ष लगाया जाए और उसका संरक्षण किया जाए, तो वह वर्षों तक हजारों लोगों को शुद्ध हवा, छाया और फल देकर उस व्यक्ति की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखता है। यही प्रकृति के प्रति सच्ची सेवा और दिवंगत आत्मा के प्रति वास्तविक सम्मान है।

डीबीसीपीएल सीएसआर प्रबंधक उमा शंकर पाण्डेय ने भावनात्मक सन्देश देते हुवे कहा कि मनुष्य एक दिन इस संसार से चला जाता है, लेकिन उसके नाम का लगाया गया एक वृक्ष पीढ़ियों तक जीवित रहता है। वह हर पत्ती के साथ यादें संजोता है, हर फल के साथ जीवन बांटता है और हर छाया के साथ मानवता को सुकून देता है। आइए, अपने प्रियजनों की स्मृतियों को आँसुओं से नहीं, हरियाली से अमर बनाएं। एक पौधा लगाएँ, उसका संरक्षण करें और प्रकृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। टीम ने समाज से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार अपने किसी प्रियजन की पुण्यतिथि, जन्मदिन या अन्य विशेष अवसर पर कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे पेड़ बनने तक संरक्षित करे। यही छोटी-सी पहल भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण दे सकती है। डीबीसीपीएल द्वारा संचालित यह अभियान केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देने का प्रयास है। संस्था का विश्वास है कि एक पौधा आज लगाया गया, तो वह आने वाले वर्षों में अनगिनत जीवनों को सांस, छाया और आशा देगा। इस मौके पर समाज सेवी भील खेड़ी हरी ओम पटेल, सरपंच बलराम सिंह, राकेश जायसवाल पूर्व सरपंच लखन पटेल एवं कई संमाननीय उपस्थित थे।

# जैन मंदिर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा, पुजारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, खजांची लाइन में तीन साल से पूजा-अर्चना करा रहे पुजारी ने ही मंदिर की आस्था को दागदार कर दिया। पुजारी कपिल जैन पर मंदिर से सोने का छत्र, चांदी की थाली, हाथी की मूर्ति और दीपक चुराने का आरोप लगा है, जिसे कोतवाली पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से करीब आठ लाख रुपए कीमत का चोरी गया सामान बरामद कर लिया है।



### कैसे हुआ खुलासा

मामले की शुरुआत 10 जुलाई 2026 को हुई, जब सीहोर जैन समाज एवं मंदिर के अध्यक्ष अजय कुमार जैन ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि मंदिर में तीन साल से नियुक्त पुजारी कपिल जैन ने पूजा की जिम्मेदारी की आड़ में मंदिर से कीमती सामान चुरा लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 489/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 305(d) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### निर्देश पर बनी टीम

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने तत्काल संज्ञान लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदन शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम को आरोपी की पतारसी कर चोरी का माल बरामद करने और वैधानिक कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए गए।

### पूछताछ में कबूला जुर्म

थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि पुलिस ने पुजारी कपिल जैन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की। शुरुआत में आरोपी लगातार चोरी की बात से इनकार करता रहा, लेकिन पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर योजनाबद्ध तरीके से सवाल-जवाब किए। सख्ती से हुई पूछताछ के बाद आखिरकार आरोपी टूट गया और उसने मंदिर से चोरी करने की बात कबूल कर ली।नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन शर्मा ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मौके से एक सोने का छत्र, एक दीपक (कुल वजन करीब 50 ग्राम) और हाथी की आकृति वाली एक चांदी की थाली (वजन करीब 500 ग्राम) बरामद की। पुलिस के मुताबिक बरामद कुल संपत्ति की कीमत करीब आठ लाख रुपए आंकी गई है। पूरा मामला सुलझाने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### कौन है आरोपी

आरोपी की पहचान कपिल जैन पिता महावीर जैन (उम्र 28 वर्ष) निवासी संत निवास, मेन रोड सीहोर के रूप में हुई है। पुजारी द्वारा ही मंदिर में चोरी की घटना सामने आने से जैन समाज में आक्रोश और आश्चर्य का माहौल है। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि क्या इस चोरी में किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्तता है।

कैलाश विजयवर्गीय ने मां पार्वती की पूजा-अर्चना कर चढ़ाई चुनरी

# नवनिर्मित पार्वती घाट की जमकर की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को धाम सरकार के जन्मोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता करने के बाद इंदौर जाते समय आष्टा में रुके। इस दौरान उन्होंने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में नगर की जीवनदायिनी मां पार्वती नदी के तट पर पहुंचकर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की और मां पार्वती का आशीर्वाद लिया। मां पार्वती नदी के तट पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समर्थकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद वे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में अपने समर्थकों के साथ सीधे नदी तट पर पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां पार्वती की पूजन - घाट पर उपस्थित प्राचीन शंकर मंदिर के पुजारी हेमंत गिरी द्वारा पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जीवनदायिनी मां पार्वती का पूजन संपन्न कराया गया।

मंत्री विजयवर्गीय ने श्रद्धापूर्वक मां पार्वती को चुनरी अर्पित की और हाथ में आरती की थाल लेकर मां की आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख, समृद्धि और जन-कल्याण की कामना की। पूजन अर्चन के पश्चात नगरीय प्रशासन मंत्री ने पार्वती नदी पर बने नवनिर्मित सुंदर घाट का बारीकी से अवलोकन किया। घाट की भव्यता, स्वच्छता और व्यवस्थित निर्माण कार्य को देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने इस सुंदर निर्माण कार्य के लिए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की जमकर सराहना की और कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से धार्मिक स्थलों की गरिमा और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ती हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋतु जैन, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, भाजपा जिला महामंत्री तारा कटारिया, जिला सहकार्यालय मंत्री उमेश शर्मा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पार्षद रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, राजकुमार मालवीय, अरशद अली, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, युवा पत्रकार एडव्होकेट अक्षत पाठक, आनंद जैन, देवकरण पहलवान, कमलेश विश्वकर्मा, अभिराज पटाड़ा, दीपक मारूति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की प्रखंड बैठक संपन्न हुई। प्रखंड बैठक में जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुई, बैठक में विश्व हिंदू परिषद के आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रखंड के सभी दायित्विवान पदाधिकारी को आगामी कार्यक्रमों के लिए योजना बताई गई की किस प्रकार अखंड भारत संकल्प दिवस, बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा, जिला अभ्यास वर्ग में युवाओं की उपस्थिति हो और प्रखंड का एक बड़ा आयोजन कावड़ यात्रा में किस प्रकार अधिक से अधिक युवा जुड़े इस पर विशेष चर्चा की गई, कावड़ यात्रा पिछले वर्ष की अपेक्षा ईश वर्ष दोगुनी संख्या में हो, कावड़ यात्रा का महत्व एवं व्यवस्था पर जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने प्रखंड के सभी दायित्विवान पदाधिकारी को विस्तार से बताया। बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा पर जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ने प्रखंड के सभी गांव से युवाओं को चलने का आग्रह किया एवं प्रखंड में रिक्त पड़े दायित्व पर नई नियुक्तियां करने पर जोर दिया।प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने आष्टा में होने वाले जिला अभ्यास वर्ग में अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण लेने का आग्रह किया एवं जावर प्रखंड में खंड स्तर पर सभी खंडों में शीघ्र बैठके हो, ताकि आगामी कार्यक्रम व्यवस्थित हो सके इस पर जोर दिया बैठक में प्रखंड के दायित्वयन पदाधिकारी प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर ,अर्जुन सिंह ठाकुर, प्रखंड सह मंत्री महेंद्र सिंह, प्रखंड संयोजक अंकुर बिल्लोरे, सत्संग प्रमुख हटे सिंह ,सह सुरक्षा प्रमुख बिजन सिंह खंड से मंत्री संयोजक एवं ग्राम इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।